# आईटीआई में बनेंगे 5जी सेवाओं के उपकरण

नई दिल्ली (भाषा)।

आईटी कंपनी टेक महिंद्रा सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी आईटीआई लिमिटेड के साथ प्रौद्योगिकी साझा करने के अग्रिम चरण में है और महिंद्रा समूह के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि आईटीआई अगले कुछ महीनों में 4जी और 5जी उपकरण बनाने में सक्षम होगी। टेक महिंद्रा नेटवर्क सेवा के सीईओ मनीष व्यास ने कहा कि चीन के साथ भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच देश में बड़े पैमाने पर स्वदेशी तकनीक पर आधारित साफ्टवेयर तैयार करने के लिए शानदार अवसर है। कंपनी ने जून में 4जी और 5जी प्रौद्योगिकी के विकास के लिए आईटीआई लिमिटेड के साथ समझौता किया था।

व्यास ने कहा, 'हम डिजाइन के आदान-प्रदान के चरण में हैं, योजना पर काम कर रहे है और विनिर्माण तकनीक पर आधारित प्रायोगिक परीक्षण भी किये जा रहे है। हम अत्यंत अग्रणी चरण में है। इसमें सालों नहीं, बल्कि कुछ महीने लगेंगे।' उन्होंने कहा कि जाहिरा तौर पर यह इस बात पर निर्भर करेगा कि आईटीआई इस क्षेत्र में कितनी जल्दी कारोबार शुरू करती है। उन्होंने कहा कि आईटीआई के साथ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण साझेदारी सार्वजनिक क्षेत्र की इस कंपनी को फिर से पटरी पर लाने की सरकार की इच्छा के अनुरूप है।



- इसके लिए आईटीआई को जल्द ही नई तकनीक देगी टेक महिंद्रा
- कंपनी ने जून में आईटीआई से किया था इसका करार
- सीधे दूरसंचार उपकरणों के निर्माण में नहीं उतरेगी टेक महिंद्रा

सरकारी नियमों के तहत आईटीआई को सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियों बीएसएनएल और एमटीएनएल के नेटवर्क स्थापना के लिए इस्तेमाल होने वाले उपकरणों की आपूर्ति में कोटा हासिल है। आईटीआई के पास रक्षा क्षेत्र के लिए संचार नेटवर्क बनाने के लिए 7,796 करोड़ रुपए का ठेका भी है। आईटीआई की उच्च स्तरीय विनिर्माण में वापसी के लिए यह एक शानदार अवसर होगा। टेक महिंद्रा पहले से ही 5जी तकनीक के विकास पर जापान के राकुटेन मोबाइल के साथ काम कर रही है।